वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 9 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के प्रतिनिधियों ने देश के विभिन्न राज्यों में किया संवाद।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' के अंतर्गत चल रही राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के प्रतिनिधियों ने मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा आदि अलग-अलग राज्यों में संवाद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की तथा यात्रा के दौरान स्थानीय महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण किया।

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2023' में असम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, नागालैंड राज्यों के 450 युवाओं के 16 समूह देश के अलग-अलग राज्यों का भ्रमण कर रहे हैं। भारत के अलग-अलग राज्यों में इस यात्रा के दौरान हो रहे सार्वजनिक कार्यक्रमों में 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के माध्यम से पूर्वोत्तर के युवा अपने-अपने राज्यों की संस्कृतियों, लोकपक्ष तथा महान व्यक्तित्वों के बारे में लोगों से संवाद कर रहे हैं।

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के समन्वयक अनूप कुमार ने कहा कि,"पूर्वोत्तर भारत विकास के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है। सन् 1966 में शुरू हुए 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' ने पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को निरंतर नए सूत्रों से जोड़ा है। इस वर्ष की राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा में अब तक के सबसे अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न जगहों पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों से यात्रा में शामिल युवाओं को निरंतर नया सीखने को मिल रहा है।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,"आज यात्रा के अलग-अलग समूह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, गुजरात आदि राज्यों के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचे। भारत की भाषाई तथा सांस्कृतिक विविधता में एकता का अनुभव इस यात्रा के माध्यम से सहज ही स्पष्ट हो रहा है। यात्रा में शामिल युवाओं का अपनी मातृभूमि के विभिन्न तत्वों के प्रति अनुभव संसार निरंतर समृद्ध हो रहा है, जो उन्हें भावी जीवन में एक बेहतर नागरिक के रूप में राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)